I find also that in the Annual Report it is stated that the future railway requirements of high grade coking and non-coking coal were brought to the notice of the Requirements and Utilisation Committee. I do not understand this because, as the hon. Minister himself knows, the Railways will gradually have to reduce their dependence on high-grade coking coal. That will be required for the steel plants. If it materialises that the two steel plants at Bhilai and Rourkela go into production this year—which probably will not happen—then, the Railways cannot have this high-grade coking coal. So, how are the Railways going to tackle that? Even if the steel plants are not set up, I believe the coke-oven plants will be ready and this high-grade coal will have to be supplied to them.

There are two questions that I would like to ask the Railway Minister in this connection. The first is that if this high-grade coking coal is not available, then, probably, the Railways will have no other alternative but to go in for washing coals—low-grade coal. Have they made any arrangement for washing low-grade coals? Even if they come to a decision, they will take one or two years before washeries can be set up and washed coals made available for the Railways. Unless such an arrangement is made, the Railways will have no other alternative but to spend much more on fuel and also to have low operating efficiency, because ordinary coal will not give that much of power to the locomotives.

The second question is bound up with the other and it points to the necessity of having more dieselisation, at least for shunting work, and for more electrification. What are the Railways thinking about these matters? If they feel that there should be more dieselisation and electrification, are they arranging for the construction of diesel and electric locomotives in this country? It will always be said that we have not got enough foreign exchange and if we have all the time to depend on imports from abroad, we cannot take to dieselisation and electrification Therefore, it becomes necessary to arrange for the manufacture of these types of locomotives for the Railways, in India as early as possible.

I hope the hon. Railway Minister will give thought to some of these problems that we Members have raised here. Unfortunately, one has sometimes a feeling, an unhappy feeling, that the hon. Minister is too much impressed with what he regards as the signal achievements of the Railways. It is to be hoped that he will have a fuller appreciation of the heavy responsibility that devolves upon him for providing an adequate and safe transport service, adequate

for the purposes of the Plan and safe those who have to patronise it.

Mr. Speaker: Shri Mool Chand Jain.

Shri Raghunath Singh *rose*—

Mr. Speaker: I will call Shri Raghunath Singh next The Deputy-Speaker wanted to call him; but he was absent.

श्री मू० चं० जैन (कैथल) : स्पीकर साहब, दो दिन से इस सदन मे एक ऐसे महकमे के बारे में बहस हो रही है, जिस की सालाना ग्रामदनी व खर्चा तकरीबन ४०० करोड रुपया है। यह एक ऐसा महकमा है, जिस की ग्रामदनी हमारे देश की मुख्तलिफ स्टेट्स के बजट्स से कई गुना है—पजाब के सालाना बजट से १० गुना है, काश्मीर के बजट से ४० गुना है ग्रौर जो बडे बडे प्रदेश हैं—राजस्थान, यू० पी० वगैरह, उन मे से भी किसी से दस गुना है, किसी से ग्राठ गुना है ग्रौर किसी से छ: गुना है। ऐसे महकमे के मुताल्लिक दस मिनट मे टीका टिप्पणी करना काफी मुश्किल है, फिर भी हम ने यह देखना है कि पिछले साल मे इस महकमे ने इस सदन के सामने ग्रपना जो हिसाब दिया है, वह तारीफ के काबिल है या नुक्ता-चीनी के काबिल। कई माननीय सदस्यो ने इस की तारीफ के पुल बाधे हैं ग्रौर कइयो ने इस की बड़ी सख्त नुक्ताचीनी की है मैं उन मेम्बरान मे से हू, जो कि ग्रच्छी बातो की तारीफ करते हैं ग्रौर जो बाते रह गई हैं या जिन की तरफ ध्यान नही दिया गया है या जो खराब है, उन के बारे मे सजेस्शन देते हैं।

ग्राखिर कौन सी कसौटी है इस बजट स्टेटमेंट को परखने के लिए। स्पीकर साहब, मैं चार नुक्ता-ए-निगाह से इस बजट का परखना चाहता हू। पहली कसौटी तो यह है कि हम सैकड फाइव ईग्रर प्लैन के तीसरे साल मे दाखिल हो रहे हैं, तो क्या यह ४०० करोड रुपये का बजट सैकड फाइव ईग्रर प्लैन के तीसरे साल की जो रेक्वायरमेंट्स हैं, उन को पूरा करता है।

Shri Assar (Ratnagiri): Sir, on a point of order, there is no quorum at all.

Mr. Speaker: Treat this also as lunch hour or tea hour.

Sardar A. S. Saigal (Janjgir): All have gone for tea.

Mr. Speaker: Let the Bell be rung— Now there is quorum.

The hon. Member may now proceed.

श्री मू० चं० जैन : मैं यह ग्रर्ज कर रहा था कि बजट को परखने के लिये कि ग्राया यह काबिले तारीफ है या नही कौन कौन सी कसौटियां हैं। पहली कसौटी यह है कि दूसरे प्लान के तीसरे साल मे मजमूई तौर पर जो तकाजा रेलवे से किया जाता है, उस तकाजे को वह पूरा करती है या नही। मुझे खुशी है कि इस कसौटी पर यह रेलवे बजट पूरा उतरता है।

जहा तक गुड्स ट्रैफिक का तालुक है १२४ मिलियन टन से बढ़ा कर १४५ मिलियन टन तक ले जाने का यतन किया गया है। इसी तरह से पेसजर ट्रैफिक की बात है। वह भी काफी उत्साहवर्द्धक है। जहा तक सैल्फ सफिशंसी का ताल्लुक है रेलवे को वैगस, कोचिस, एंजिस, लोकोमोटिव्स इत्यादि की काफी मात्रा मे ग्रावश्यकता पड़ती है। ग्ररबो रुपये का समान हम बाहर से मगाया करते थे। ग्रब काफी हद तक हम इस सामान को देश के भीतर ही बनाने लग गये है। मुझे यह देख कर खुशी होती है कि ७०—८० फीसदी सामान ग्रपने देश के ग्रन्दर ही बनने लग गया है। ग्राशा है जलदी ही सारे सामान भी बनने लगेंगे।

इसके बाद दूसरी कसौटी जिस पर मैं रेलवे बजट को परखना चाहता हू यह है कि ग्राया जो ग्रादर्श हमने ग्रपने सामने रखा है, सोशलिस्टिक पैटर्न ग्राव सोसाइटी का,

[श्री मू० चं० जैन]

उसको यह बजट पूरा करता है या नही । इस विशाल महकमे पर हम ४०० करोड रुपया सालाना खर्च करते है । जो काम पिछले साल मे हुआ है, इस साल मे उसे और भी बढाया जायेगा । मुझे खुशी है कि कई एसपैक्ट्स मे हमने नुमाया तरक्की की है । हमने छोटे कर्मचारियो को कई सहूलियते दी है और उनकी महगाई अलाऊस बढ़ाई है । इस साल के बजट मे उनके लिये चार पाच करोड रुपया और रख दिया गया है । पाच रुपये जो हमने छोटे कर्मचारियो के बढाये है उससे तकरीबन दस लाख कर्मचारियो को फायादा हुआ है । प्राविडेंट फड के बजाय पेंशन रूल्स लागू कर दिये गये है । उसके अलावा चौथी श्रेणी के जो कर्मचारी है उनकी प्रोमोशन का सवाल एक बहुत टेढा सवाल था और मै ऐसा महसूस करता हू कि इसको टैकल करना बहुत मुशकिल था । मै अपने तजुर्बे से आपको बतलाना चाहता हू कि जो बडे अफसर होते हैं वे कुछ ऐसे तबको से ताल्लुक रखते है मैं मानता हू कि मै सख्त बात कह रहा हू कि उनकी हमदर्दी तीसरी और चौथी श्रेणी के कर्मचारियो के प्रति कम होती है । बहुत बार यह लोग मिनिस्टर्स वगैरह को भी मजबूर कर देते है कि वे भी अगर इन लोगो के लिये कुछ करना चाहते है तो न करे । कई तरह की अडचने डाल दी जाती है । कभी कह दिया जाता है कि फडस नही है और कभी कोई और बहाना लगा दिया जाता है और कह दिया जाता है कि इससे कई डिफिकलटीज़ पेश आयेंगी मगर मुझे खुशी है कि पहली मई म रेलवे मिनिस्टर साहब ने एक वक्तव्य मे यह यकीन दिलाया था कि एक कमेटी मुकर्रर होगी । अब वह कमेटी मुकर्रर हो गई है और उसकी रिपोर्ट आने पर आगे विचार होगा और किन किन दिशाओ मे चौथी तथा तीसरी श्रेणी के कर्मचारियो को प्रोमोशन दी जा सकती है, पर गौर होगा । मै नही जानता कि अभी तक कमेटी की रिपोर्ट आई है या नहीं । लेकिन मैं इतना अवश्य कह सकता हूं कि कोशिश की गई है कि कर्मचारियो की शिकायतों को दूर किया जाए और मुझे यकीन है कि जितने भी एवेन्यूस आफ प्रोमोशन हैं उनको अच्छी तरह से देखा जाएगा और इनको तीसरी और दूसरी श्रेणियो की प्रमोशन का पूरा मौका दिया जाएगा । जितने भी एवेन्यूस है उनको ओपन किया जाए और उन लोगो को तरक्किया दी जाय ।

इसके बाद मैडिकल फैसिलिटीज़ की तरफ मैं आता हू । मुझे यह सुन कर ताज्जुब होता था कि जो तीन तीन और चार चार हजार रुपया माहवार तनख्वाह पाते है उनको तमाम की तमाम मैडिकल फैसिलिटीज़ मिली हुई है लेकिन जो तीसरी और चौथी श्रेणी के कर्मचारी है उनको इनमे वंचित रखा गया था । खुशी की बात है कि इस बजट मे रेलवे मिनिस्टर साहब ने इस बात का एलान किया है कि तमाम रुकावटे जो चतुर्थ और तीसरी श्रेणी के कर्मचारियो के रास्ते मे थी, उनको हटा दिया गया है और वे तमाम फैसिलिटीज़ जो किसी भी रेलवे कर्मचारी को मिली हुई है, उनको भी मिलगी ।

इस सब से पता चलता है कि लो पेड एम्पलायीज़ के लिये काफी कुछ किया गया है और मै उम्मीद करता हू कि आगे चलकर और भी जितनी सहूलियत दी जा सकती है दी जायेंगी ।

समाजवादी समाज के ढग से सोचने के साथ नैशनेलाइजेशन का भी सवाल है । गालिबन पिछले सैशन मे या उससे पिछले मे यह कहा गया था कि टेल्को को नैशनलाइज़ किया जाए और एक बहुत स्ट्राग केस भी बनाया गया था। इस कम्पनी मे १०-१२ करोड रुपये मे से ८-१० करोड़ रुपये गवर्नमेंट आफ इंडिया के हैं । जब ऐसी बात है तो क्या वजह है कि उसको नैशनलाइज़ नहीं किया जाता है ? अगर नैशलाइज कर दिया

आए तो जो इंजिन वहां तैयार होते हैं उनकी कीमत भी घट जाएगी और मुनाफा भी गवर्नमेंट को काफी होगा और उस मुनाफे को गवर्नमेंट प्लान को पूरा करने में खर्च कर सकती है ?

इस के साथ ही साथ जहा तक लाइट रेलवेज का ताल्लुक है ४०० मील ऐसी रेले हैं जो नेशनेलाइज नही हुई है और जिन की कम्पनीज मालिक हैं । मैं जानता हू कि अगर उन के नैशनेलाइज करने की माग की जायेगी ता यह कहा जायेगा कि जो रुपया उन को मुआवजे के तौर पर देना है उस रुपये का उपयोग हम नई रेलवे लाइन बनाने पर कर सकते हैं । इस दलील मे कुछ वजन है, इस को मे मानता हू । लेकिन इस का नतीजा यह होता है कि उन कम्पनियो के मालिको के सिर पर नेशनेलाइजेशन की एक तलवार लटकती रहती है और वे पब्लिक को कोई एमिनिटीज नही देते ह अपने मुलाजिमो का कोई सहूलियते नही देते हैं जिस की वजह मे सब को परेशानी का सामना करना पडता है । उन की इंजिन और कोचिस इतनी निकम्मी हालत मे होते हैं कि कोई ठिकाना नही । चूंकि उन का नेशनेलाइजशन का डर रहता है इस वास्ते वे कोई इम्प्रूवमेंटस नही करते ह । मैं पजाब के बारे मे जानता हू । वहा पर मोटर ट्रांसपोर्ट का नैशनेलाइजेशन करने का सवाल है जो कि पडिंग है । वहा के ट्रांस्पोर्ट आप्रेटर्स को हर वक्त इस बात का डर रहता है कि क्या पता कब नैशनेलाइज मोटर यातायात का कर दिया जायेगा और इस वास्ते सहूलियते देने से कोई फायदा नही है । यही बात उन कम्पनियो के मालिको की है । इस वास्ते हर लिहाज से यह जरूरी है कि उन कम्पनीज को नैशनेलाइज कर दिया जाये । यह चीज एम्पलाइज के नुक्ते नजर से, पब्लिक के नुक्ते-नजर से तथा पब्लिक फंड के नुक्तेनजर से सही उतरती है ।

तीसरी चीज मै यह कहना चाहता हू कि अडर डिवेलेप्ड तथा बैकवर्ड एरियाज के लिये जो इंतिजामात किये गये हैं क्या वे सोशलिस्टिक पैटर्न आफ सोसाइटी के ध्येय के अनुकूल हैं ? श्री अशोक मेहता साहब ने कहा है कि, गगा के एक तरफ बडी सहूलियतें हैं और दूसरी तरफ कुछ भी सहूलियतें मुहैया नही हैं । मैं पजाब में सतलुज का हवाला देना चाहता हू । उस के एक तरफ तो काफी सहूलियते हैं और दूसरी तरफ बहुत कम हैं । इस तरफ से जो इलाके हैं वहा पर लडाई के जमाने मे कुछ लाइने डिसमेंटल कर दी गई थी जिन को आज तक रेस्टोर नही किया गया है । मुझे दु:ख है कि रोहतक पानीपत का नम्बर सब से बाद मे आया है । मुझे खुशी है कि वाजपेयी जी भी ने इस रेलवे लाइन का जिक्र किया है । सिर्फ गुहाना रोहतक लाइन ही नही है बल्कि गोहाना मे पानीपत तक सारी डिसमेंटल हुई थी । बाकी दूसरी जगहो पर सब बन गई हैं लेकिन सब से बाद उस का नम्बर आया है और काम भी आहिस्ता आहिस्ता हो रहा है । मैं चाहता हू कि यह लाइन सिर्फ गुहाना तक ही न रहे बल्कि पानीपत तक बनाई जावे ।

महकमे के बडे कर्मचारियों का जहा तक ताल्लुक है मुझे अकेले को ही शिकायत नही है औरो को भी है कि उन की चिट्ठियो के जवाब नही दिये जाते हैं । इस चीज का मुझ तलख तजुर्बा है । मै पजाबी असेम्बली का मेम्बर रह चुका हू और मैं चिट्ठियो के उत्तरो के बारे मे काफी तजुर्बा कर चुका हू । चिट्ठियो को एकनालिज तो कर दिया जाता है और उस के बाद कह दिया जाता है कि महकमे म रिपोर्ट ले कर जवाब दिया जायेगा लेकिन उस के बाद जवाब बहुत कम दिया जाता है । जनाब स्पीकर साहब, मैं ने एक लिस्ट बनाई है उन चिट्ठियो की जो कि मैं ने लिखी हैं और जिन का अभी तक कोई उत्तर मुझे नही मिला है । इन का एकनालिज तो कर दिया गया लेकिन उस के बाद मुझे पता नही एक को छोड कर इन का क्या बना है । इन पर आज तक कोई ऐक्शन लिया गया प्रतीत नही होता है । एक चिट्ठी मैं ने जुलाई मे लिखी,

[श्री मू० चं० जैन]

फिर सितम्बर में लिखी और उस के बाद जनवरी में लिखी। थर्ड क्लास स्लीपिंग कोचिज हमें दिखाई गई थीं रेलवे के बड़े अफसरान के जरिये और उन के बारे में मैं ने लिख कर सजैशंस भेजे थे और बताया था कि क्या क्या इम्प्रूवमेंट होनी चाहियें। अगर उन को मंजूर कर लिया जावे तो लाखों रुपयों का फायदा रेलवे को हो सकता है। मैं नहीं जानता कि आया वह चिट्ठी पहुंची या नहीं लेकिन मैं प्रिज्यूम करता हूं कि वह जरूर पहुंची होगी। लेकिन आज तक उस का कोई जवाब नहीं आया। मुझे तो ऐसा मालूम पड़ता है कि बड़े अफसरों में एक खास किस्म की एरोगेंस (arrogance) है। वक्त पर वे काम नहीं करते हैं।

हम अपने देश में ग्रो मोर फूड का नारा लगाते हैं और कहते हैं कि पैदावार बढ़ाई जानी चाहिये। रेलवे का भी इस से कुछ हद तक ताल्लुक है। उस का ताल्लुक नहर के महकमे से उस वक्त पड़ता है जब रेलवे लाइन के नीचे नहरें या रजवाहे के पुल बनाने होते हैं। इस तरह के कोई केसिस रेलवे के पास रेफर होते हैं लेकिन इन को टैकल नहीं किया जाता है, किसी प्रकार का कोआर्डिनेशन नहीं होता है। रेल के नीचे से पुल बने, कैसे बने, कुछ नहीं बताया जाता है। मैं समझता हूं कि कोआर्डिनेशन चूंकि नहीं है, इस वास्ते ऐसा होता है। इस का नतीजा यह होता है कि बेचारे किसान रोते रहते हैं और चिल्लाते रहते हैं लेकिन रेलवे लाइन के नीचे से उन का खाला नहीं गुजरने दिया जाता बहुत देर लगाते हैं। इसी तरह से रेलवे के महकमें का सड़क के महकमे से ताल्लुक पड़ता है। सड़कें बनवाना स्टेट्स की जिम्मेवारी है अगर सड़क रेलवे लाइन को cross करे, तो crossing में बहुत देर लगाते हैं। इस बारे में कोई कोआर्डिनेशन नहीं है और बहुत ज्यादा दिक्कत का सामना करना पड़ता है। रेलवे डिपार्टमेंट न सड़क वालों की परवा करता है और न नहर वालों की। अगर आप ग्रो मोर फूड की मुहिम को तेज करना चाहते हैं और चाहते हैं कि इसके कंक्रीट रिजल्टस निकलें तो आप को कोआर्डिनेट करना होगा। इस के लिये आप कोआर्डिनेटिंग एजेंसी बनायें या कुछ और करें, कोआर्डिनेशन अवश्य होना चाहिये। लेकिन मैं इतना अवश्य कह सकता हूं कि इस चीज की बड़ी भारी शिकायत है और इस को दूर किया जाना चाहिये। बैकवर्ड ऐरियाज के लिए मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं आशा है इन पर हमारे रेलवे मंत्री महोदय और रेलवे मंत्रालय गम्भीरता से विचार करेंगे।

जहां तक कुरुक्षेत्र पहवा की नई रेल लाइन बनाने का सवाल है यह खुशी की बात है कि इस नई लाइन का सर्वे कराने का बजट में जिक्र आया है। पहवा एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थान है और इस नाते यह कुरुक्षेत्र पहवा नई रेलवे लाइन बनाई जानी चाहिये। इस के अतिरिक्त कुरुक्षेत्र नरवाना लाइन पर बड़ी भीड़ रहती है और वहां पर २४ घंटे में केवल दो ट्रेन आती जाती हैं और वहां पर और ट्रेन चलाई जानी चाहिये। इसी तरह से पानीपत जींद लाइन पर भी बड़ी भीड़ रहती है और वहां पर भी दो ही ट्रेन चलती हैं। वहां पर भी और रेलगाड़ियां चलाई जानी चाहिये। सतलुज के पार आप ने कई ट्रेनें जारी कर दी हैं लेकिन सतलुज के इस पार हिन्दी स्पीकिंग एरिया में अन-डेवलप्ड एरिया में भी आप को रेलगाड़ियों की अतिरिक्त व्यवस्था करनी चाहियें। अब पानीपत जींद लाइन पर बहुत काफ़ी भीड़ रहती है और केवल दो रेलगाड़ी चलती हैं। मैं ने रेलवे मंत्री को चिट्ठी लिख कर भेजी कि उस लाइन पर एक आदमी कट कर मर गया और किसी एथारिटी ने उस की खबर नहीं ली। पिछले पांडू पंडारे के मेले के अवसर पर मैं उस ट्रेन में सफ़र कर रहा था और मैं ने खुद अपनी आंखों से देखा कि बहुत से मुसाफ़िर डिब्बों की छतों

पर चढ़ कर सफ़र कर रहे थे और जब मैं ने उन की तवज्जह इस ओर दिलाई तो उन्हों ने मुझे यह फ़ीगर्स दीं कि उस स्टेशन से कुल १४०१ आदमियों की टिकटों की बुकिंग हुई है। अब काफ़ी तादाद ऐसे लोगों की रही होगी जोकि बगैर टिकट सफ़र कर रहे थे और उन को टिकट न मिलने से टिकटलैस ट्रैवल से पबलिक एक्सचैकर को काफ़ी नुक़सान पहुंचा और इस पबलिक एक्सचैकर में घाटे के लिये कौन जिम्मेदार है? अब यह कहां का इंसाफ़ है कि जो डेवलप्ड एरियाज़ हैं वहां पर एलेक्ट्रिफ़िकेशन भी हो जाय और डबल ट्रैक (Track) भी हो जाय और जो बैकवर्ड एरियाज़ हों उन की ऐसी हालत हो? मैं चाहूंगा कि रोहतक गोहाना लाइन जो सैंक्शन हुई है वह धीरे धीरे बन रही है उस की रफ्तार तेज़ होनी चाहिये। इसी तरह से गोहाना से पानीपत की जो लाइन बाक़ी है उस को भी सैंक्शन (sanction) किया जाये।

अब मुझे थोड़ा सा रैवेन्यू की बाबत अर्ज़ करना है। पिछले तीन, चार साल से जनरल रैवेन्यूज़ से डेवलपमेंट फ़ंड में २०, २५ करोड़ रुपये दिये जाते हैं। अब की दफ़ा २७ करोड के क़रीब डेवलपमेंट फ़ंड मे दिया गया है जोकि मेरी समझ मे बहुत थोड़ा है। मै मानता हूं कि डेवलपमेंट फ़ंड में पहले से अब ५, ६ करोड़ की एनक्रीज़ हुई है और २७ करोड़ डेवलपमेंट फ़ंड में दिखाया गया है लेकिन मेरी समझ मे यह भी बहुत कम है और अगर रेलवे एडमिनिस्ट्रेशन अच्छी तरह से काम करे तो यह रक़म कम से कम ५० करोड़ रुपये हो सकती है। जिस डिपार्टमेंट पर ४०० करोड़ रुपये का खर्च हो वह डेवलपमेंट फ़ंड मे सेंट्रल रेवेन्यूज़ से सिर्फ २८ करोड़ रुपया ही दें तो यह रक़म बहुत कम है।

यह बड़ी खुशी की बात है कि पिछले साल के मुकाबले अब की साल रेलवेज़ पर चोरी और लौस के साढ़े १३ हज़ार क्लेम्स कम हैं लेकिन इतने ही से हमें संतोष नहीं कर लेना चाहिये क्योंकि यह कौमन नौलिज (Common knowledge) है कि अभी भी करोड़ों रुपये की रेलवेज़ में चोरी टिकटलैस ट्रैवलिंग लौस और डैमेज की शक्ल में होती है और हम को यह देखना चाहिये कि हम इस पबलिक लौस को किस तरह से कम कर सकते हैं और बन्द कर सकते हैं और उस के लिये आवश्यक कदम शीघ्र उठाये जाने चाहियें। गुड्स ट्रेन्स में चोरियों और टिकटलैस ट्रैवलिंग में पबलिक एक्सचैकर को करोड़ों रुपये की हानि होती है। आचार्य कृपालानी ने भी इस बारे में सरकार का ध्यान दिलाया है और स्पष्ट है कि अगर हम इस को रोकने में और कम करने में कामयाब हो जाते हैं तो बहुत काफ़ी रुपया जो आज चोरी चला जाता है वह हमारे जनरल रैवेन्यूज़ में आ सकेगा।

एक और बात इसी सिलसिले में मैं यह कहना चाहता हूं और वह मेरी आखिरी बात होगी जिस को कि कह कर मै बैठ जाऊंगा। अभी पिछले साल हमारे रेलवे मंत्री महोदय ने मुडालियर कमेटी फ्रेट एंड स्ट्रक्चर कमेटी बिठाई है और अब की दफ़ा भी रेलवे मिनिस्टर महोदय ने उस का ज़िक्र किया है लेकिन मुझे अफ़सोस के साथ यह कहना पड़ता है कि उस की रिपोर्ट एक साल पहले आ चुकी है लेकिन अभी तक रेलवे के अफसरान उस पर विचार ही कर रहे हैं और उन का एग्ज़ामिनेशन खत्म नही हो पाया है और मै पूछना चाहता हूं कि अभी उस के एग्ज़ामिनेशन में वे कितनी देर और लगायेंगे? एक एक्सपर्ट कमेटी बैठती है और वह बैठ कर एक रिपोर्ट देती है तो मै जानना चाहता हूं कि उस रिपोर्ट को एग्ज़ामिन करने और उस की सिफारिशों को अमल में लाने के लिये क्या एक साल का अर्सा भी काफ़ी नही है? एक डेमोक्रेटिक स्टेट और एक वेलफ़ेयर स्टेट में इस क़िस्म की सुस्ती मुनासिब नहीं है और यह

[श्री मू० चं० जैन]

शोभा नही देता और मैं उम्मीद करता हूं कि इस बारे में तत्काल कार्यवाही की जायेगी।

मंत्री महोदय ने रेलवे के छोटे मुलाजिमों को जो सहूलियतें देने के लिये कहा है मैं उस का स्वागत करता हूं और उस के लिये मैं उन को मुबारकबाद देता हू। मुझे विश्वास है कि जिन जिन खामियो की तरफ मैं ने तवज्जह दिलाई है उस की तरफ मत्री महोदय और रेलवे मत्रालय का ध्यान जायेगा और उन को वे दूर करने की कोशिश करेगे।

श्री रघुनाथ सिंह अध्यक्ष महोदय यह देखा गया है कि अगर किसी चीज या आदमी की शिकायत ही शिकायत करते जाओ तो वह चीज या आदमी बिलकुल शिकायतमय दीखने लगता है और उस की ब्राइट साइड बिलकुल छिप जाती है और इसलिये मैं रेलवे मत्रालय और मत्री महोदय की थोडी तारीफ भी करना चाहता हू।

हमारे रेलवे विभाग ने एफिशिएन्सी बढाने की दिशा मे सराहनीय प्रयत्न किया है और वह इस मे प्रकट होता है कि अगर आप सन् ५६, ५७ के आकडे देखे तो आप को पता चल जायेगा कि एक वर्ष के अन्दर ३० हजार अधिक आदमियो को नोकरी दी गई और ७५ लाख रुपया एक वर्ष के अन्दर ज्यादा खर्च किया गया है। अगर एवरेज निकाल कर देखा जाय तो औसतन् २२ रुपये प्रति व्यक्ति का वेतन एक साल मे ज्यादा बढा है। अब २२ रुपये प्रति व्यक्ति की तनख्वाह मे एवेरेज इनक्रीज एक साल मे शायद ही दुनिया मे कही किसी विभाग मे किसी कर्मचारी की हुई हो। रेलवे विभाग ने अपने कर्मचारियो को इतनी सुविधायें दी हुई हैं जितनी कि शायद ही कही और किसी विभाग मे कर्मचारियो को प्राप्त हो और यही वजह है कि कोई भी विद्यार्थी जो अच्छे डिविजन में इम्तिहान पास करता है उस की पहली पसन्द रेलवे सर्विस में जाने के लिये होती है क्योकि रेलवे में मुलाजमत करने से उन को रहने के लिये अच्छे क्वार्टर्स मिलते है लेकिन इस का एक दूसरा पहलू भी है उस का डार्क साइड भी है और वह यह है कि एक तरफ तो हम देखते हैं कि तीस हजार आदमी बढाये गये और २२ रुपये प्रति व्यक्ति की औसतन तनख्वाह बढ़ी है लेकिन दूसरी तरफ़ देखते है कि आये दिन रेलवे मे ऐक्सीडेंट्स की तादाद बढ़ती जाती है और जिस के कि बारे मे बहुत से लोगो ने मंत्री महोदय और सदन का ध्यान दिलाया है। मैं इस मौके पर उन दुर्घटनाओ का जिक्र और उन की तफसील नही बताना चाहता लेकिन इतना जरूर कहना चाहूंगा कि जहा हम अपने रेलवे कर्मचारियो को इतनी सुविधाये दे रहे है वहा यह भूल नही जाना चाहिये कि आखिर वह सब पैसा हम को जनता से ही टिकट आदि के रूप मे मिलता है, और अगर हमारे रेलवे कर्मचारी ठीक से काम नही करेगे तो वह दिन भी शीघ्र आ सकता है जब जनता रेलवे कर्मचारियो के खिलाफ अपनी आवाज बुलन्द करे। हम देखते है कि सिगनल डाउन रहता है लेकिन ट्रेन नही चलती है। कही गार्ड साहब चाय पी रहे होते है तो कही कोई साहब पान खा रहे होते है। आखिर इस बारे मे जाच कराई जाय कि यह ट्रेने लेट क्यो चलती है? स्वय रेलवे मिनिस्टर तो रेलगाडिया चलाते नही है, काम तो उन के विभाग के कर्मचारियो को ही करना होगा और जहा ३० हजार अधिक आदमियो को नौकरी दी गई और २२ रुपये प्रति व्यक्ति की तनख्वाह मे औसतन् वृद्धि की गई वहा यह देखना जरूरी हो जाता है कि रेलवे विभाग मे एफिशिएंसी बढे लेकिन यह बडे खेद के साथ कहना पड़ता है कि कार्यक्षमता बढ़ने के बजाय दिनो दिन चौपट होती जा रही है और उस हालत

में जनता जो टिकट खरीद कर रेलवे की आमदनी करती है वह यह डिमांड कर सकती है कि जब हम इतना रुपया रेलवेज को देते हैं तो उस के एवज में हम को एफ़िशिएंसी भी मिलनी चाहिये ।

दूसरी बात मुझे यह कहनी है कि रेलवेज के ऊपर जो कुछ खर्च किया जाता है वह तो ठीक किया जाता है लेकिन इनलैंड वाटरवेज की कोस्टल शिपिंग की जब तक तरक्की नहीं होगी तब तक रेलवेज के ऊपर जो बर्डन आज पड़ा हुआ है वह कम नहीं हो सकेगा । कोस्टल शिपिंग की तरक्की कर के हम दरअसल अपनी रेलवेज को हैल्प करेंगे । आज हर एक आदमी यही शिकायत करता है कि रेलों का काम स्लो है और यह भी मानी हुई बात है कि अगर किसी आदमी के ऊपर आप बहुत अधिक बोझा लाद देंगे तो वह चल नहीं सकेगा और वह बैठ जायेगा । आज हमारी रेलों पर बहुत अधिक बोझा हो गया है और जब तक हम उस बोझ को कम नहीं करेंगे तब तक हमारी रेलवेज का इंतजाम ठीक तौर से नहीं हो सकेगा । वह बोझा इस तरीक़े से कम हो सकता है कि कोस्टल शिपिंग की तरक्की की जाय, इनलैंड वाटरवेज की तरक्की की जाय ताकि कोयला, लोहा और गेहूं हम एक स्थान से दूसरे स्थान तक तेजी से ढो सकें और ऐसा होने से हमें बहुत सुविधा मिलेगी और रेलवेज के ऊपर जो आज बर्डन है वह किसी क़दर कम हो जायेगा ।

17 hrs.

तीसरी बात मुझे यह कहनी है, जैसा कि मूल चन्द जी ने कहा, कि उत्पादन में ऐग्रिकल्चर के उत्पादन में बहुत कमी पड़ जाती है । यह बात ठीक है । बहुत से स्थानों में यह है कि ट्यूबवेल बनते हैं । लेकिन अगर यह ट्यूबवेल रेलवे लाइनों के बगल में बनते हैं तो दूसरी तरफ़ पानी के जाने में बहुत दिक्कत दा होती है । मैं कहना चाहता हूं कि अभी हमारे क्षेत्र में आप गये थे, हम लोगों ने आप के सामने इसे रक्खा और आप ने बड़ी सहानुभूतिपूर्वक कहा कि इस का इन्तज़ाम होगा । जहां तक ट्यूबवेल के वास्ते इस पार से उस पार एलेक्ट्रिकल वायर ले जाने की आवश्यकता है, या पुल बनाने की आवश्यकता है, अगर उस में आप अधिक से अधिक सहूलियत देंगे, तो जो रुपया आप देश के बाहर फूड के वास्ते भेजते हैं वह हमारे देश के भीतर ही काम आयेगा ।

चौथी बात मुझे यह कहनी है कि हमारे बनारस में आप रेलवे टूल फैक्ट्री बना रहे हैं । उस के वास्ते राष्ट्रपति जी गये और फ़ाउंडेशन स्टोन रक्खा । श्री लाल बहादुर शास्त्री भी गये । उन्हों ने कहा कि काश्तकारों के साथ कुछ भी अन्याय नहीं होगा । सरयू प्रसाद जी वहां गये थे, अपोजीशन के लोग भी गये थे । सब लोग थे और उन्हों ने देखा, आप को भी आश्चर्य होगा, कि वह एक मिनिस्टर साहब की ज़मीन है कुछ वर्ष पहले मिनिस्टर साहब अपनी ज़मीन लगभग २३०० रु० बीघे में बेचते हैं । लेकिन रेलवे ने जब उसी स्थान के समीप ऐक्वायर किया तो १००० या ६०० रु० में लिया ।

एक माननीय सदस्य : कहां के मिनिस्टर हैं वह ?

श्री रघुनाथ सिंह : कहीं के मिनिस्टर हों, मैंने तो एग्ज़ाम्पल दी है ।

Mr. Speaker: The hon. Member may continue his speech tomorrow.

STATEMENT *RE*: ACCIDENT AT THE FIRING RANGE AT AMBALA

The Deputy Minister of Defence (Sardar Majithia): Government deeply regret to have to inform the House that an Officer, a Junior Commissioned Officer and an Other Rank were

[Sardar Majithia]

killed and a Driver and another Other Rank injured in an explosion which took place in Naraingarh Ranges on the 22nd February 1958 at about 5-30 P.M.

Field firing practice is carried out every year at the above-mentioned range. This time after the firing exercise was over a party consisting of one Officer, one Junior Commissioned Officer and three Other Ranks of a Field Regiment had been detailed, in accordance with the Safety Regulations, to mark out the unexploded shells known as blinds in the Army, in Naraingarh Ranges near Ambala after a firing exercise had taken place. While in the process of marking the blinds, one blind is reported to have exploded resulting in the death of 2nd Lieut. C. A. Pathak, Jemadar Surat Singh, IDSM, and Operator, Wireless Artillery, Sukhcharan Singh and injuries to Driver Chanderbhan, and Operator, Wireless Artillery, Gurcharan Singh.

The next-of-kin of the deceased were informed about the unfortunate accident immediately after its occurrence. Pensionary awards, in accordance with the rules, will be made in favour of the dependents of the deceased personnel promptly.

Government would like to pay their tribute in this House to the deceased Officers and the Other Rank who lost their lives in the course of duty in the service of the country. Although nothing will serve to replace the great grief of the bereaved, the sympathy of the Government and this House will, we hope, in some small measure, help to assuage the feelings of grief of the bereaved and be of some consolation to the fellow officers and men who worked with them and feel their loss very deeply. We also hope that the next-of-kin and others bereaved will find the strength to make the readjustments imposed upon them by this unfortunate accident.

A Court of Enquiry in accordance with established Army Rules has been convened. No further particulars are available at present nor can they be given until the findings of the Court of Enquiry are received.

Mr. Speaker: This accident took place on the 22nd February. As far as possible, unless it occurred late last evening or only this morning, such statements may be made early in the day when the House is full.

Sardar Hukam Singh (Bhatinda): I was told that the hon. Minister had to go somewhere tomorrow.

Mr. Speaker: That is all right. The House now stands adjourned till 11 A.M. tomorrow.

17-04 hrs.

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, the 28th February, 1958..

[*Thursday, 27th February, 1958*]

S.Q. No.	Subject	Columns
	ORAL ANSWERS TO QUESTIONS . . .	2607—44
530	Bharat Sevak Samaj .	2607—11
531	Peaceful uses of Atomic Energy . . .	2611-12
532	Shipping for Cement Import . . .	2612—14
533	Foreign Exchange .	2614—16
534	Refugees in Lahore Camp . . .	2617—20
535	Iron Ore to Poland .	2620—22
536	Film Institute and Film Finance Corporation . . .	2622—24
538	Mineral Sands . .	2624—26
539	Import Advisory Council	2626-27
540	Naga Administrative Unit . . .	2627—30
541	Handloom Industry in Punjab . . .	2630-31
542	Indian Trade Exhibition in Sudan . .	2631
544	Export of Shoes to Poland and Russia .	2631—34
548	Ambar Charkha .	2634—36
550	Documentary film "Pilgrimage to Freedom" . . .	2636—38
552	Nationalisation of Road Transport in Punjab .	2638—40
553	Export of Wool	2640-41
556	Expenditure on the Second Plan . .	2641—44
	WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS . . .	2644—83
537	Plantation Inquiry Commission on Coffee and Rubber . .	2644
543	Displaced Persons in Orissa . . .	2644-45
545	Coal Mines Bonus Scheme . .	2645
546	Irrigation Projects in Orissa . . .	2645-46
547	Small scale and cottage Industry in Ghana .	2646
549	Non-Ferrous Metals .	2646-47
551	Publicity on Second Five Year Plan .	2647
554	Displaced Persons Claims . . .	2648
555	Trade with West Germany. . .	2648-49
557	Export of Iron Ore .	2649
558	Industrial Estate in Assam	2649-50

WRITTE ANSWERS TO QUESTIONS—*contd.*

S.Q. No.	Subject	Columns
559	Industrial Estate in Andhra Pradesh .	2650
560	Indian Trade Delegation to West Germany .	2650
561	Displaced Persons from West Pakistan . .	2651
562	Sivaraman Committee .	2651-52
563	Salt Industry in Orissa .	2652
564	Dock Workers Advisory Committee . .	2652
565	Strike in West Bokaro Colliery . . .	2652-53
566	Closure of Textile Mills in Vidharbha . .	2653
567	Hastinapur Township .	2653-54
568	Strike by Calcutta Dock Workers . .	2654
569	Dock Workers of Madras Port . . .	2654-55
U.S.Q. No.		
668	Coal Mines Committee	2655
669	Committee on Building Civil Engineering and Public Workers .	2655-56
670	Accommodation for Government offices in Delhi . . .	2656-57
671	Accommodation for Government Employees in Bombay . .	2657
672	Employment Exchanges	2658
673	Compensation Claims .	2658
674	Applications for Compensation . .	2658-59
675	Nangal Fertilizers Factory . . .	2659
676	Registered Companies in Punjab . .	2660
677	Tourist Films . .	2660-61
678	Reception to Foreign Visitors by Delhi Municipality . .	2661
679	Indian Cinema Halls in Rangoon . .	2662
680	Bharat Sadhu Samaj .	2662-63
681	Import of Consumer Goods . . .	2663-64
682	Peaceful Uses of Atomic Energy . . .	2664
683	National Development Council . . .	2664-68
684	Export of Iron and Manganese Ores .	2668
685	Titanium . . .	2668-69
686	Second Five Year Plan .	2669

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS—*contd*

U.S.Q. No.	*Subject*	COLUMNS
687	Government Purchases.	2669-70
688	Industrial Cooperatives in Himachal Pradesh	2670-71
689	Radio Sets . . .	2671-72
690	Low Income Group Housing Scheme .	2672
691	Export of Indian Films	2673
692	Central Scheme in Punjab . . .	2673
693	Transportation of Human Labour . .	2673-74
694	Indian missing in Karachi . . .	2674
695	Pakistani Nationals .	2674-75
696	Conference of Chief Ministers on East Pakistan Displaced Persons . .	2675
697	Industries under Second Five Year Plan	2676
698	Cottage and Small Scale Industries .	2676-77
699	Supplies dropped in NEFA . . .	2677
700	Meeting of Partition Body . . .	2677-78
701	Uranium Ore .	2678
702	Madurai Ramnad Chamber of Commerce . .	2678-79
703	Passports . .	2679-80
704	Cottage Industries	2680
706	Textile Mills .	2680-81
707	Employment Exchange	2681
708	Trade with Tibet	2681
709	Tea Production . .	2681-82
710	C.P.W.D.	2682
711	C.P.W.D.	2683

MOTION FOR ADJOURNMENT 2683—87

The Speaker withheld his consent to the moving of two adjournment motions given notice of by Shri Narayan Ganesh Goray and Shri Braj Raj Singh regarding the reported hunger strike by Shrimati Sudhabai Joshi in a Jail in Goa.

PAPERS LAID ON THE TABLE 2688

The following papers were laid on the Table.:

(1) A copy of the Annual Report of the Hindustan Housing Factory (Private) Limited along with the Audited Accounts for the year 1956-57, under sub-section (1) of Section 639 of the Companies Act, 1956.

(2) A copy of each of the following statements showing the action taken by the Government on various assurances, promises and undertakings given by Ministers during the various sessions shown against each:—

(i) Supplementary Statement No. II	Third Session, 1957 of Second Lok Sabha.
(ii) Supplementary Statement No. VIII	Second Session, 1957 of Second Lok Sabha
(iii) Supplementary Statement No. IX	First Session, 1957 of Second Lok Sabha
(iv) Supplementary Statement No. VIII	Fifteenth Session, 1957 of First Lok Sabha.

STATEMENT BY MINISTER 2689-90

The Minister of Defence (Shri Krishna Menon) made a further statement regarding the explosion of ammunition wagons at a railway siding near Pathankot.

REPORT OF COMMITTEE ON ABSENCE OF MEMBERS FROM THE SITTING OF THE HOUSE—PRESENTED 2690

Fifth Report was presented. . .

ELECTION TO COMMITTEE 2690-91

The Deputy Minister of Labour (Shri Abid Ali) moved for the election of Member from among the Members of Lok Sabha to be a member of the Employees State Insurance Corporation.

The Motion was adopted.

RAILWAY BUDGET, 1958-59 2691—2824

General Discussion on the Railway Budget continued.

	COLUMN
STATEMENT BY MINISTER	2824—26

The Deputy Minister of Defence (Sardar Majithia) made a statement regarding the explosions at the Army Firing Range at Ambala on the 22nd February, 1958.

AGENDA FOR FRIDAY, 28TH FEBRUARY, 1958.

General discussion on the Railway Budget, 1958-59.

AGENDA FOR FRIDAY, 28th FEBRUARY 1958—contd.

continued. Private Members motions and Resolutions. Presentation of the General Budget, 1958-59, and introduction of the following Bills—

1. The Finance Bill, 1958
2. The Gift-Tax Bill, 1958.
3. The Estate Duty (Amendment) Bill 1958.